प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 24.07.2024 (दोपहर–1350 बजे)

मुख्य समाचार

1- दक्षिण अफ्रीका के कैमरून में फंसे झारखंड के 27 प्रवासी मजदूरों की आज सुबह हुई सकुशल वापसी।

2- केंद्रीय बजट में झारखंड के जनजातीय गांवों को मिली सौगात, जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान योजना से प्रदेश के 10 हजार आदिवासी बहुल गांवों को होगा फायदा।

3- केंद्र सरकार ने केंद्रीय करों में झारखंड की हिस्सेदारी चार हजार सात सौ बीस करोड़ बढ़ाई, चालू वित्तीय वर्ष के लिए हिस्सेदारी बढ़कर 41 हजार 245 करोड़ 28 लाख रुपये हुई।

4- चुनाव आयोग कल से 29 जुलाई तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर लगाएगा विशेष कैंप, कल ही होगा एकीकृत मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन।

*********************

दक्षिण अफ्रीका के कैमरुन में फंसे 27 प्रवासी मजदूरों की सकुशल वापसी आज सुबह हुई। लौटने वालों श्रमिकों में 18 बोकारो, 4 गिरिडीह तथा 5 हजारीबाग जिले के श्रमिक शामिल हैं। सभी मजदूर बॉम्बे मेल ट्रेन से आज सुबह करीब 4 बजे पारसनाथ स्टेशन पहुंचे।

रांची पहुंचने पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सहित कई मंत्रियों ने उनका स्वागत किया।

*********************

केंद्र सरकार ने केंद्रीय करों में झारखंड की हिस्सेदारी बढ़ाकर चार हजार सात सौ बीस करोड़ बढा दी है। पिछले साल यह बजट 36 हजार पांच सौ 25 करोड़ 60 लाख थी। जो चालू वित्तीय वर्ष में बढ़कर 41 हजार दो सौ 45 करोड़ 28 लाख हो गई है। केंद्र सरकार की ओर से यह हिस्सेदारी कॉरपोरेशन टैक्स, इनकम टैक्स, वेल्थ टैक्स समेत अन्य करों के तहत राज्य को दी है।

*********************

केंद्रीय बजट में झारखंड को भी कई सौगात मिली है। जनजातीय उन्न्त ग्राम अभियान योजना से राज्य के करीब 32 जनजातीय समूह वाले आदिवासी बहुल लगभग 10 हजार गांवों को इसका फायदा मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत आकांक्षी जिलों और जनजातीय बहुल गांवों में आदिवासी परिवारों के पूर्ण कवरेज के लिए कदम उठाए जाएंगे। राज्य में 12 हजार दो सौ सतहत्तर बहुल गांव हैं। यहां 19 आकांक्षी जिले हैं।

*********************

केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा है कि इस बजट का बड़ा हिस्सा यानी एक लाख आठ हजार करोड रुपये सुरक्षा से जुडे कार्यों के लिए आवंटित किये गये है।

*********************

चतरा के सांसद कालीचरण सिंह ने कल पेश हुए आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था के लिए यह बजट महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचना विकास के लिए बजट में कई प्रावधान किए गए हैं। विकसित भारत और आत्म निर्भर भारत अभियान को मजबूती प्रदान करने के लिए बजट में सकारात्मक कदम उठाए गए हैं।

*********************

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट पर आज संसद के दोनों सदनों में चर्चा जारी है। चर्चा के लिए 20–20 घंटे का समय दिया गया है। विपक्ष को बहस के लिए चार घंटे का समय मिला है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने बजट का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सदस्यों से प्रश्नकाल की कार्यवाही चलने देने की अपील की।

*********************

झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक आज होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन करेंगे। बैठक शाम चार बजे से झारखंड मंत्रालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

********************

मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर कल एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जाना है। इसे लेकर राज्य भर में कैंप लगाया जाएगा। कल से नौ अगस्त तक चुनाव आयोग मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर किसी भी तरह की शिकायत, आपत्ति या दावे की सुनवाई करेगा। विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों के लिए 29 जुलाई को जिला प्रशासन की ओर से अभियान चलाकर सूची में योग्य मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे। वहीं 30 जुलाई को रैन बसेरा और आश्रय गृहों में रह रहे मतदाताओं का सत्यापन व नए मतदाताओं का निबंधन किया जाएगा। सूची में दिव्यांग मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए 31 जुलाई और 85 वर्ष से अधिक उम्र वर्ग के वंचित मतदाताओं के नाम शामिल करने के लिए 1 अगस्त को अभियान चलाया जाएगा। दो अगस्त को अभियान चलाकर थर्ड जेंडर के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे।

********************

सरायकेला खरसावां जिले में अपराध नियंत्रण के लिए जिला पुलिस द्वारा नई पहल करते हुए प्रहरी की शुरुआत की गई है।

********************

राँची में प्रस्तावित 'ताज होटल' के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति मेंप्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में नगर विकास विभाग और दि इंडियन होटल कंपनी लिमिटेड के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया जाएगा। इससे पूर्व आज मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची के मोरहाबादी स्थित भगवान बिरसा मुण्डा स्मृति पार्क में निर्मित बिलियन इंप्रेशन का उद्घाटन किया।

********************

- स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से हजारीबाग जिले के कटकमदाग प्रखंड के खपरियावां बीआरसी में रूआर 2024 – कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. इस दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रमा पाठक ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला.। रुआर कार्यक्रम के तहत 5 से 18 वर्ष तक के बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराया जाना है।
- धनबाद के रास्ते 25 और 29 जुलाई को चलने वाली हटिया–बर्द्धमान–हटिया मेमू एक्सप्रेस को निरस्त कर दिया गया है।

- लातेहार पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन लुटेरा गिरोह के पांच लुटेरों को कल गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने लूटे गये ट्रक और एक बोलेरो को भी जब्त करने में सफलता हासिल की है।

********************

साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान में जामताड़ा पुलिस को कल एक और बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जामताड़ा थाना अंतर्गत पाकडीह गांव से साइबर अपराध में लिप्त तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

********************

देवघर स्थित जसीडीह रेलवे स्टेशन पर कांवरियों के लिए मोबाइल टिकट काउंटर की शुरुआत की जा रही है। आसनसोल रेल मंडल के सीनियर डिवीजनल कॉमर्शियल मैनेजर एस सिल्वा मार्शल ने बताया कि मशीन के माध्यम से लोग टिकट खरीद सकेंगे। 20 मशीन का प्रपोजल मुख्यालय को दिया गया था. दो मशीनें आसनसोल मंडल को मिल चुकी हैं। इधर देवघर श्रावणी मेला में तैनात जैप जवान खुर्शीद आलम की कल सुबह हार्टअटैक से मौत हो गई। वह टुंडी के कोटालडीह का रहनेवाला था।

*******समाप्त*******